साप्ताहिक **बुलंद गोंदिया** खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 5 | अंक : 30 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 6 मार्च से 12 मार्च 2025 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5




## मोटरसाइकिल चोरी

**गोंदिया** -गोरेगांव थाने के तहत नए मार्केट रोड गोरेगांव निवासी फिर्यादी राजेंद्रकुमार रामचरण शहारे (58) ने अपनी मोटरसाइकिल एमएच 49 - क्यु 6114 शराब भट्टी के पास रखा था. जिसे अज्ञात व्यक्ति ने चुरा लिया. जिसकी कीमत 85 हजार रु. बताई गई है.

# मुख्याधिकारी कार्यालय के बंद दरवाजे वह नप अभियंता की खाली कुर्सी को दिया निवेदन, ठेकेदार हमला प्रकरण सुरक्षा संबंधित





**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया नगर परिषद के मान्यता प्राप्त ठेकेदार संतोष पुरोहित पर प्राण घातक हमले को लेकर ठेकेदारों की सुरक्षा संबंधित निवेदन देने जब ठेकेदारों का प्रतिनिधि मंडल नगर परिषद पहुंचा तो मुख्याधिकारी का कार्यालय बंद होने तथा नप अभियंता अपने कक्ष में उपस्थित न होने के चलते विरोध स्वरूप ठेकेदारों ने बंद दरवाजे वह खाली कुर्सी को निवेदन दिखाकर आक्रोश व्यक्त करते हुए अपना विरोध प्रकट किया। गौरतलब है की प्रशासक राज में नगर परिषद में मनमर्जी का कार्यभार चल रहा है जब मुख्याधिकारी ही कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते तो अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी मनमानी पर उतर आते हैं तथा कार्यालय में बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहते हैं। 3 मार्च को नगर परिषद में ठेकेदार का कार्य करने वाले संतोष पुरोहित पर कार्य के दौरान दो आरोपियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था तथा शहर में नगर परिषद के कार्य के दौरान आए दिन ठेकेदारों के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा गाली-गलौज व मारपीट की घटनाएं की जाती है। इन सभी घटनाओं को रोकने व ठेकेदारों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने व इस मामले में नगर परिषद द्वारा एफआई आर करने के लिए ठेकेदारों का प्रतिनिधिमंडल 5 मार्च बुधवार को दोपहर 2:00 बजे के दौरान जब मुख्याधिकारी के कार्यालय में पहुंचा तो मुख्याधिकारी वह प्रशासक संदीप चिद्रवार के कक्ष में ताला लगा हुआ था। जिसके चलते ठेकेदारों द्वारा बंद दरवाजे को ही निवेदन की प्रति दिखाई गई तथा इसके पश्चात नप के नगर परिषद अभियंता के कार्यालय में पहुंचने पर नप अभियंता राजीव जाधव भी अपनी सीट पर उपलब्ध नहीं थे। जिसके चलते आक्रोषित ठेकेदारों द्वारा खाली कुर्सी को निवेदन दिखाया गया वह दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय में उपस्थित न होने के चलते विरोध स्वरूप निवेदन ना देते हुए अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी नारेबाजी की। इस संदर्भ में ठेकेदारों के प्रतिनिधि मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासक राज के दौरान अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं होते जिससे संपूर्ण नगर परिषद के महत्वपूर्ण कार्य ठप पड़े हुए हैं मात्र कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारियों द्वारा अपने तरीके से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान धीरज जेठानी, कल्पेश शुक्ला,अनिल हुंदानी,ओमकार लिचड़े , प्रशांत (बाड़ा) ठवकर, गुणवंत (बबलू) चंदनकर, फिरोज कच्छी ,उमेश कापसे ,मुकेश अग्रवाल, संजय मुरकुटे ,नीरज ठाकुर, संदीप कडूकर, संतोष पुरोहित, सतीश राठी ,प्रतीक कदम, शिशिर बिसेन, जगदीश लालवानी, महेंद्र गढ़े, परमानंद टेंभुर्णिकर ,अजय पितोड़े, टिकलू बनोटे , महेश बछवानी, मुन्ना बेंद्रे, विजय अग्रवाल, रामू शेडे आदि उपस्थित थे।

# नप ठेकेदार संतोष पुरोहित पर प्राण घातक हमला



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया नगर परिषद में ठेकेदारी का कार्य करने वाले ठेकेदार संतोष पुरोहित पर सोमवार 3 मार्च की शाम 530 बजे के दौरान दो आरोपियों द्वारा जान लेने के उद्देश्य प्राण घातक हमला किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सावराटोली परिसर में मनोहर भाई यार्ड कृषि उत्पन्न बाजार समिति के पीछे स्थित परिसर में नगर परिषद द्वारा मंजूर रोड निर्माण का कार्य गौशाला वार्ड निवासी ठेकेदार संतोष पुरोहित द्वारा करवाया जा रहा था। इसी दौरान शाम 530 बजे के दौरान दो आरोपी पलाश लालवानी वह भारत लालवानी कार्यस्थल पर पहुंचकर रेम बनाने की मांग करने लगे। लेकिन रोड नया होने की वजह से मिट्टी डालकर रैम बनाने पर रोड खराब होने की बात ठेकेदार संतोष पुरोहित द्वारा कहे जाने पर आक्रोशित होकर लात बुक्के लाठी वह पत्थर से चेहरे व पेट पर वार कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया तथा जान लेने के उद्देश्य पावड़ा उठाकर जान से मारने की धमकी दी। जख्मी अवस्था में संतोष पुरोहित को चिकित्सालय में दाखिल कराया गया तथा उपरोक्त मामले में शहर पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शहर पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के मार्गदर्शन में शुरू की गई।

# स्वाधार योजना 15 मार्च तक करे आवेदन

**बुलंद गोंदिया।** भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर स्वाधार योजना का विस्तार किया गया है। सहायक आयुक्त समाज कल्याण विनोद मोहतुरे ने गोंदिया जिले में कक्षा 11वीं और 12वीं के बाद व्यावसायिक और गैर-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों से 15 मार्च 2025 तक वेबसाइट https://hmas.mahait.org पर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। अनुसूचित जाति एवं नवबौद्ध वर्ग के जिन विद्यार्थियों ने छात्रावास प्रवेश के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दिया है और जिनके आवेदनों को छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया गया है, उन्हें स्वाधार योजना के लिए ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संसाधित किया जाएगा,

उन्हें स्वाधार योजना के लिए नया आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। इसकी घोषणा समाज कल्याण के सहायक आयुक्त ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की।

# रक्त मित्र स्व.आलोक अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर किया विनम्र अभिवादन




**बुलंद गोंदिया।** अपने जीवन काल में रक्तदुत के रूप में निरंतर सेवा देने वाले रक्त मित्र स्व.आलोक बलदेव प्रसाद अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि 1 मार्च के अवसर पर अग्रसेन भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है की रक्तदान करना, रक्तदान करवाना, रक्तदान महादान की जन जागृति करना वह आवश्यकता पड़ने पर निरंतर रक्त उपलब्ध करवाने का कार्य कर रक्त दूत के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाने वाले भाई आलोक अग्रवाल असमय ही हमारे बीच से चले गए। उनकी प्रथम पुण्यतिथि 1 मार्च शनिवार को मित्र परिवार द्वारा रक्तदूत को एक सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय अग्रसेन भवन में दोपहर 11 से 3बजे तक आयोजित किया गया था जिसमें 50 यूनिट रक्त संकलन किया गया तथा 50 रखदाताओं ने रक्तदान कर आलोक अग्रवाल को भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहर के पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के साथ-साथ सुधीर बजाज व पहली बार रक्तदान कु.विधि रजनीश गोयल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक चंपालाल अग्रवाल ,अग्रसेन स्मारक समिति के अध्यक्ष निलेश अग्रवाल ,डॉ. सचिन केलनका, प्रवीण अग्रवाल स्वास्तिक, रविवार बाबू अग्रवाल, महेश अग्रवाल (माया), रामअवतार अग्रवाल, गुड्डू चांदवानी, आशीष अग्रवाल, जयंत अग्रवाल, पुरुषोत्तम मोदी, डॉ. दिनेश अग्रवाल। रमाकांत अग्रवाल। राजेश व्यास। नरेंद्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज की विभिन्न हस्तिया उपस्थिति थी।

रक्तदान शिविर के लिए मित्र परिवार व प्रमुख रूप से आदेश शर्मा भाई नीरज व नितिन द्वारा विशेष सहयोग किया गया। इस अवसर पर शासकीय रक्त संकलन केंद्र के डॉक्टर सोनल मेश्राम, डॉक्टर संघश्रेया, टेक्नीशियन गणेश हुडे तथा पीआरओ विजय बिसेन ने रक्त संकलन किया।


**सप्ताहिक बुलंद गोंदिया**

रेगुलेशन ऑफ न्यूज (पेपर्स) सेंट्रल रुल्स 1956 के अनुसार हिंदी साप्ताहिक बुलंद गोंदिया (हिंदी) के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण।

**घोषणा**

(फार्म - 4)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन का स्थान | : बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास, गौशाला वार्ड, गोंदिया 441601 महा. |
| 2. | प्रकाशन अवधि | : साप्ताहिक |
| 3. | मुद्रक | : भवानी प्रिंटिंग प्रेस, गोंदिया |
| | नागरिकता | : भारतीय |
| | स्थान | : गुरुनानक वार्ड गोंदिया |
| 4. | प्रकाशक | : नवीन एम. अग्रवाल |
| | नागरिकता | : भारतीय |
| | निवास स्थान | : आशीर्वाद वेट पाईंट के पीछे, सुभाष वार्ड, मुर्री रोड, गोंदिया (महाराष्ट्र) |
| 5. | संपादक | : नवीन एम. अग्रवाल |
| | नागरिकता | : भारतीय |
| | निवास स्थान | : आशीर्वाद वेट पाईंट के पीछे, सुभाष वार्ड, मुर्री रोड, गोंदिया (महाराष्ट्र) |
| 6. | पत्र का स्वामित्व | : नवीन एम. अग्रवाल |
| | नागरिकता | : भारतीय |
| | निवास स्थान | : आशीर्वाद वेट पाईंट के पीछे, सुभाष वार्ड, मुर्री रोड, गोंदिया (महाराष्ट्र) |

मैं नवीन एम. अग्रवाल घोषित करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है।

नवीन एम. अग्रवाल (प्रकाशक)

दिनांक : 6 मार्च 2025


# मुख्यधिकारी कि शह पर पार्किंग प्लाजा में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली

## तीन माह से अधिकृत कर्मचारी नहीं हो रही वसूली नप के राजस्व को लगाया जा रहा चुना






**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया नगर परिषद के भ्रष्टाचार के मामले में और एक नया कीर्तिमान सामने आया है। शहर के मध्य स्थित पार्किंग प्लाजा में तीन माह से कोई अधिकृत कर्मचारी नियुक्त नहीं है फिर भी मुख्याधिकारी की शह पर वाहन चालकों से पार्किंग के नाम पर वसूली हो रही है लेकिन आने वाली राशि कहां जमा हो रही यह अधिकारियों को पता नहीं जिससे नप के राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। गौरतलब है की गोंदिया शहर के मुख्य बाजार परिसर में वाहनों की बेहतरीन पार्किंग से होने वाली समस्याओं से निजात के लिए शहर पुलिस थाने के पीछे एक विशाल पार्किंग प्लाजा का निर्माण किया गया है जहां सैकड़ो वाहनों की पार्किंग प्रतिदिन की जाती है। पार्किंग प्लाजा का उद्घाटन आनन फांनन में किया गया था लेकिन किसी भी प्रकार की निविदा या टेंडर प्रक्रिया पार्किंग प्लाजा के लिए नहीं होने से गत कुछ वर्षों से नगर परिषद द्वारा ठेकेदारी पद्धति पर कर्मचारियों को नियुक्त कर बाजार विभाग के माध्यम से पार्किंग प्लाजा में वाहनों से पार्किंग की राशि ली जा रही थी। लेकिन प्रशासक व मुख्याधिकारी संदीप चिद्रवार द्वारा 12 दिसंबर 2024 को ठेकेदारी पद्धति से कर्मचारी आपूर्ति करने वाली संस्था का ठेका रद्द किया गया उसी दिन से ठेकेदार के कर्मचारी बंद हो गए थे लेकिन फिर भी पार्किंग प्लाजा में वसूली निरंतर चल रही है। जबकि वहां पर कार्य करने वाले कर्मचारी ना तो कर्मचारी आपूर्ति करने वाले ठेकेदार के बताए जा रहे ना तो नगर परिषद द्वारा उन्हें किसी भी प्रकार से अधिकृत किया है। तीन माह से कार्य करने वाले कर्मचारियों को वेतन कौन देगा इस पर भी प्रश्न चिन्ह निर्माण हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्याधिकारी व प्रशासक के मौखिक आदेश से पार्किंग प्लाजा में वाहनों की पार्किंग की वसूली निरंतर चल रही है जिसे प्राप्त होने वाली राशि नगर परिषद में जमा हो रही है या नहीं इस संदर्भ में बाजार विभाग के अधिकारियों को भी जानकारी नहीं है जिससे यह प्रश्न निर्माण हो रहा है की गति तीन माह से पार्किंग प्लाजा से आने वाली वसूली की राशि किसके जेब में जा रही है या नगर परिषद के खजाने में जमा हो रही या किसी को व्यक्तिगत लाभ मिल रहा है यह यक्ष प्रश्न निर्माण होने लगा है। उल्लेखनीय है कि गोंदिया नगर परिषद का प्रभार जब से संदीप चिद्रवार ने प्रशासक व मुख्याधिकारी के रूप में संभाला है तब से वह अधिकांश नगर परिषद में उपलब्ध ही नहीं होते कभी-कभी मात्र प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी कार्यालय में ही उपस्थित होते हैं तथा उनके कार्यकाल में विभिन्न प्रश्न सामने आ रहे हैं जिससे नगर परिषद में प्रशासक राज्य की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगता दिखाई दे रहा है। इन्हीं भ्रष्टाचार कार्य प्रणाली को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा भी एक समीक्षा सभा लेकर नगर परिषद प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है फिर भी नगर परिषद प्रशासन में अधिकारियों में किसी भी प्रकार का सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। कभी ऐसो आराम के लिए थार की खरीदी तो कभीकिसी एक एजेंसी से बिल के नाम पर अधिक कमीशन की वसूली कर एक साथ 50 लाख रुपए का भुगतान करने का मामला जिसमें ठेकेदारों द्वारा हंगामा मचाए जाना तथा नगर परिषद की बदहाल होती आर्थिक स्थिति के बावजूद राजस्व को नुकसान पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है क्या जिलाधिकारी महोदय इस पर संज्ञान लेकर संबंधित मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करेंगे ऐसी चर्चा शहर के नागरिकों में निरंतर चलती रहती है।

गंदगी से बजबजा रहा पार्किंग प्लाजा पार्किंग प्लाजा में आने वाले व बाजार परिसर में आने वाले नागरिकों के लिए पार्किंग प्लाजा परिसर में शौचालय का निर्माण किया गया है लेकिन साफ सफाई न होने के चलते गंदेगी से बजबजा रहा है। जिसमें अंदर जाना तो दूर गेट के पास जाने पर ही बदबू का ऐसा झोंका आता है कि नागरिक सोच क्रिया के लिए अंदर जा ही नहीं पाते हैं।

कर्मचारी किसके लिए कार्य कर रहे हैं यह उन्हें नहीं पता पार्किंग प्लाजा में ठेकेदारी पद्धति के समय ठेकेदार के कर्मचारी कार्यरत थे जिसमें से वर्तमान समय में चार कर्मचारी कार्य कर रहे हैं तथा तीन कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं। उनसे चर्चा किए जाने पर यह बात सामने आई कि वह किसके लिए काम कर रहे हैं या उन्हें भी नहीं पता है तथा उन्होंने जानकारी दी की पार्किंग प्लाजा की आने वाली कुछ ऋषि राशि नगर परिषद में जमा की जाती है लेकिन इस मामले में जब बाजार विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई तो राशि जमा हो रही या नहीं इस संदर्भ में अनभीगकता जाहिर की।

टेंडर प्रक्रिया हो चुकी पार्किंग प्लाजा के लिए ई -नीलामी की टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है आगामी सप्ताह में संबंधित नीलामी कर्ता को कार्य देश जारी किया जाएगा।

**-राकेश सव्वालाखें**
**बाजार विभाग प्रमुख नगर परिषद गोंदिया**

## संपादकिय...

### प्रह्लाद पटेल को विधायक और मंत्री किसने बनाया?

मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री प्रह्लाद पटेल ने आम जनता को 'भिखारी' करार दिया है। मंत्री जी परेशान हैं कि लोग नेता को देख कर अपने कागज आगे बढ़ाने लगते हैं, मांगें करने लगते हैं, बच्चे के लिए नौकरी मांगने लगते हैं। ऐसा लगता है मानो जनता भिखारी बन भीख मांग रही हो! संदर्भ कुछ भी हो या मंत्री की मनःस्थिति ठीक न हो, लेकिन असल भिखारी तो नेता-मंत्री ही होते हैं, जो चुनाव के दौरान एक-एक वोट के लिए जनता से गुहार करते हैं। आखिर प्रह्लाद पटेल को विधायक और मंत्री किसने बनाया? यदि वह आम आदमी की बात नहीं सुनेंगे और उसकी मांग पूरी करने की कोशिश नहीं करेंगे, तो वह सत्ता में क्यों हैं? क्या जनता उनकी आरती उतारे? लोकतंत्र में बुनियादी ताकत जनता में ही निहित है, जिसका मताधिकार विधायक-सांसद चुनता है। बाद में वे सरकार में मंत्री पद हासिल करते हैं। प्रह्लाद पटेल केंद्र की मोदी सरकार में भी मंत्री थे। वहां से उन्हें राज्य की राजनीति में लाया गया। संभव है कि वह कुंठा आज भी उनके भीतर जमा हो! लोकतंत्र में चुने हुए चेहरे 'जनसेवक' कहलाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी खुद को देश का 'प्रधान सेवक' मानते हैं। उन्होंने 11 साल की सत्ता के दौरान एक बार भी जनता को 'भिखारी' करार नहीं दिया। इधर कुछ नेताओं ने बदजुबान की भाषा बोलनी शुरू कर दी है। कोई विधायक एक मतदाता की औसत कीमत 2000 रुपए आंकता है और 'वेश्या' को उससे बेहतर मानता है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा था कि आपने मुझे वोट दिया, लेकिन इसके मायने ये नहीं हैं कि आप मेरे 'बॉस' हो गए। यह कैसी राजनीतिक संस्कृति है? इधर राजनीति में मुफ्तखोरी की रेवडियां बांटने का जो चलन व्यापक होता जा रहा है, दरअसल वह एक लालच है, रिश्वत है, उसे राजनीतिक दल 'भीख' नहीं मान सकते। यदि किसी ने रेवडियों को 'भीख' करार दिया है, तो उसके लिए जिम्मेदार और दोषी भी राजनीतिक जमात है। रेवडियां बांटना उसने ही अपने स्वार्थ के मद्देनजर शुरू किया था। अब यह मुफ्तखोरी देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर रही है, क्योंकि रेवडियां बांटने के लिए पैसा चाहिए और सरकारों के पास पूंजी का घोर संकट है। ऐसा कोई भी राज्य नहीं है, जिसने रेवडियां बांटने के लिए कर्ज न लिया हो। दो उदाहरण गौरतलब हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जब 'किसान सम्मान निधि' की योजना का सूत्रपात किया था, तो उसके दायरे में करीब 14 करोड़ किसान थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर करीब 8.5 करोड़ किसानों तक लुढक आई है। उन्हें ही 6000 रुपए सालाना की यह कथित रेवड़ी बांटी जा रही है। खुद प्रधानमंत्री रेवडियों की राजनीति के खिलाफ हैं, लेकिन भाजपा सरकारें भी कर्ज लेकर घी पिला रही हैं। ताजातरीन मामला दिल्ली अर्द्धराज्य की सरकार का है। 8 मार्च को 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनता को आश्वस्त किया है कि उस तारीख तक 2500 रुपए पात्र महिलाओं के खातों में जमा करा दिए जाएंगे।

## 40 करोड़ से स्टेशन की सुधार रहे सूरत लेकिन संवारने वाले को सुरक्षा नहीं

**गोंदिया-स्टेशन पर मजदूरों से बिना सेफ्टी काम कराया जा रहा, जान जोखिम में डालकर ऊंचाई पर कर रहे काम शहर**



**गोंदिया** -रेलवे स्टेशन का 40 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जा रहा है। लेकिन इस कार्य में जो मजदूर काम करते नजर आ रहे हैं, वे ऊंचाई में बिना सेफ्टी के काम कर रहे हैं। मजदूरों को सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराया गया है या नहीं? अगर उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं तो फिर मजदूर बिना सुरक्षा उपकरणों के काम क्यों कर रहे हैं, क्या उन पर निगरानी रखनेवाला कोई नहीं है? जान जोखिम में डालकर मजदूर ऊंचाई पर कार्य कर रहे हैं। जिसकी वजह से कभी भी गंभीर हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि गोंदिया रेलवे स्टेशन में नवीनीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। यहां जो मजदूर काम कर रहे हैं न तो सेफ्टी बेल्ट प्रदान किए गए हैं और न ही जूते, टोपी व अन्य सामान प्रदान किए जा रहे हैं। मजदूर बिना सुरक्षा उपकरणों के जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। जिस वजह से मजदूर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। वर्तमान में गोंदिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर एस्केलेटर का काम चल रहा है। जिसका ढांचा बनाने के लिए मजदूर काम पर लगे हुए हैं। इन मजदूरों को ऊंचाई में कार्य करने वाली सेफ्टी बेल्ट व टोपी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। बिना सुरक्षा उपकरण के मजदूर से इन दिनों कार्य करवा रहे हैं। जिससे इन मजदूरों की जान भी खतरे में है। सुरक्षा के लिए देंगे निर्देश गोंदिया रेलवे स्टेशन में नवीनीकरण के कार्य का ठेका दिया गया है। अगर मजदूरों द्वारा बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य किया जा रहा है तो, संबंधित ठेकेदार को मजदूरों की सुरक्षा की ओर गंभीरता से ध्यान देने के निर्देश देंगे। मृत्युंजय राय, स्टेशन प्रबंधक, गोंदिया हादसा के लिए जिम्मेदार कौन? 40 करोड़ रुपए की लागत से गोंदया रेलवे स्टेशन का सौंदर्गीकरण किया जा रहा है। इस कार्य में सैकड़ों मजदूर प्रतिदिन काम करते नजर आ रहे हैं। यह मजदूर बिना सेफ्टी के काफी अधिक ऊंचाई पर कार्य करते नजर आ रहे हैं। अगर कार्य करते समय मजदूर नीचे गिर जाता है और अनुचित घटना होती है तो, इसका जिम्मेदार कौन? इस तरह का सवाल निर्माण हो रहा है।

## आखिरकार लोकेश (कल्लू) यादव पर गोलीबारी करने वाला मास्टरमाइंड प्रशांत मेश्राम अरेस्ट



**गोंदिया** -पूर्व पार्षद लोकेश उर्फ कल्लू यादव पर 11 जनवरी 2024 को गोली मार कर हत्या करने की कोशिश की गई थी. इस मामले में शहर पुलिस ने 8 से 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था. लेकिन इस मामले का मुख्य मास्टरमाइंड प्रशांत मेश्राम एक वर्ष तक फरार था. आखिरकार मुख्य मास्टरमाइंड प्रशांत मेश्राम को 3 मार्च को उसके घर भीमनगर, गोंदिया से शहर पुलिस व डीबी टीम ने गिरफ्तार कर लिया है. यह कार्रवाई वरिष्ठों के निर्देश पर उप विभागीय पुलिस अधिकारी रोहीनी बानकर, शहर पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते व डीबी टीम ने की है.

## बोडुंदा ग्राम परिसर में भालू की दहशत ग्रामीणों को अकेले न जाने का आह्वान





**गोंदिया**-नागझिरा अभयारण्य से सटे बोडुंदा ग्राम परिसर में भालू की दहशत निर्माण है। चार दिन पूर्व ही बोहुंदा ग्राम के राजेश चनाप नामक व्यक्ति पर भालू ने हमला कर उसे घायल कर देने की घटना सामने आई है। जिससे गोरेगांव वन विभाग ने इस क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी है। रात में पटाखे फोड़कर गश्त कर रहे हैं और ग्रामीणों को अकेले गांव के बाहर न जाने का आह्वान किया जा रहा है। बता दें कि गोंदिया जिले के गोरेगांव, सड़क अर्जुनी, अर्जुनी मोरगांव व तिरोड़ा तहसील के सैकडों ग्राम न्यू नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प से सटे हुए है। व्याघ्र प्रकल्प से सटे ग्राम परिसरों में बाघ, तेंदुए, भालू सहित अन्य वन्यजीव विचरण करते हुए दिखाई देते हैं। हैं। इस दौरान वन्यजीव मानव संघर्ष होने का डर भी बना रहता है। नागझिरा अभयारण्य से सटे बोहुंदा ग्राम निवासी राजेश चनाप जब घर के बाहर खड़ा था तो अचानक भालू ने उस पर हमला बोल दिया। इस घटना में राजेश घायल हो गया तब से इस क्षेत्र में ग्रामवासियों में भालू की दहशत निर्माण है। भालू को ग्राम परिसर से भगाने के लिए घटना के दिन से गोरेगांव वन विभाग की टीम रात में पटाखे फोड़कर गश्त लगा रही है। आह्वान किया गया है कि रात हो या दिन, कोई भी व्यक्ति इस क्षेत्र में अकेला न जाए, बल्कि समूह के साथ जाए। रात में लगा रही गश्त इस क्षेत्र में भालू का विचरण होने से वन्यजीवों से मनुष्य को और मनुष्य से वन्यजीवों को नुकसान न पहुंचे इस उद्देश्य को को लेकर क्षेत्र में गश्त लगाई जा रही है। रात के दौरान भी पटाखे फोड़े जा रहे हैं।

## गोंदिया नप के धोटे सुतिका गृह पर मेडिकल कॉलेज की नजर

गोंदिया -गोंदिया नगर परिषद के अंतर्गत आनेवाली गर्भवती महिलाओं की प्रसूति के लिये रेलटोली में धोटे सुतिका गृह का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन शुरू होने के पूर्व ही शासकीय मेडिकल कॉलेज की नजर इस सुतिका गृह पर पड़ गई है। बताया गया है कि मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के निवास के लिये उपलब्ध कराने की मांग मेडिकल प्रशासन ने की है। यदि मांग मंजूर हो जाती है तो करोड़ों रुपये की लागत से बना सुतिका गृह निवास में तब्दील हो जायेगा। बता दें कि, गोंदिया शहर की आबादी डेढ़ लाख से अधिक है। नगर परिषद के शुरुआत से ही गर्भवती महिलाओं के इलाज के लिये धोटे सुतिका गृह का निर्माण किया गया था, लेकिन कुछ वर्ष के बाद विभिन्न कारणों से इस गृह को बंद करना पड़ा। लगभग पिछले 15 वर्षों से सुतिका गृह बंद अवस्था में होने से खंडहर में तब्दील हो गया था। गोंदिया नगर परिषद ने फिर से इस सुतिका गृह को नये सिरे से निर्माण करने का फैसला लिया और वर्ष 2017-18 में निर्माण कार्य के लिये 4 करोड़ 80 लाख की निधि को मंजूरी दी थी। सुसज्ज सुविधा युक्त भव्य सुतिका गृह का निर्माण किया गया। इमारत का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। लेकिन शुरू होने के पूर्व ही शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन की इस भव्य इमारत पर नजर पड़ गई और गोंदिया नगर परिषद को मेडिकल प्रशासन ने पत्र लिखा कि, मेडिकल के विद्यार्थियों को यह इमारत निवास के लिये उपलब्ध कराई जाये। हालांकि इस पत्र पर नप प्रशासन की ओर से कोई विचार नहीं किया गया है।

**मेडिकल प्रशासन का पत्र मिला**

वैशिष्ठयपूर्ण योजना के तहत धोटे सुतिका गृह की इमारत का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। सिर्फ बिजली, लिफ्ट व फायर का काम शुरू है, जिसे जल्द ही पूरा किया जा रहा है। शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन का पत्र मिला है। लेकिन इस पत्र पर फिलहाल कोई विचार नहीं किया गया। **-श्रीकांत डोंगरे, सहायक अभियंता, गोंदिया नगर परिषद**

## हर हर महादेव के जयकारे से गूंज उठे शिवालय लाखों श्रद्धालुओं ने किये भोलेनाथ के दर्शन



**बुलंद गोंदिया।** महाशिवरात्रि का पावन पर्व महादेव व माता पार्वती के विवाह के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के प्राचीन शिवालय नगराधाम सहित सभी शिवालयों में लाखों भक्तजन भोलेनाथ के दर्शन के लिए उमड़ पड़े वह हर-हर महादेव के जयकारे से शिवालय गूंज उठे।

देवों के देव महादेव भक्तों की श्रद्धा से प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद देते हैं जल वह बिल्व पत्र के समर्पण पर ही वे प्रसन्न हो जाते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व माता पार्वती व भोले नाथ महादेव के विवाह के अवसर के रूप में मनाया जाता है। जिसमें शिवालय में जिले के सभी शिव मंदिरों में बाबा भोले का अभिषेक श्रंगार के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा जल बिल्व पत्र अर्पण करने के साथ ही दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।गोंदिया जिले में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गोंदिया शहर से लगे प्राचीन शिव मंदिर नगराधाम में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी जहां अनेक श्रद्धालुओं व समिति ट्रस्ट द्वारा भक्तों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही जिले के वन क्षेत्र व अन्य स्थानों पर स्थापित शिव मंदिरों जिसमें गोरेगांव तहसील के नवेगांव नागझिरा संरक्षित वन क्षेत्र में स्थित पोंगेझिरा महादेव मंदिर।धानुटोला पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर। पांगडी के समीप घने जंगलों में कैरझिरा में विराजित महादेव। प्रतापगढ़ पहाड़ी। लहरी आश्रम कामठा , फूलसूर स्थित शिव धाम ,महाराष्ट्र मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित रजेगांव घाट सहित सभी शिवालयों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का ताता लग रहा। इस दौरान सभी क्षेत्रों में भक्तों के लिए पेयजल, शरबत फल वह फला हार की व्यवस्था सामाजिक संस्थाओं व मंदिर समितियां द्वारा की गई।

## 1 सरपंच सहित 44 सदस्य अपात्र घोषित जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करने पर कार्यवाही

**सालेकसा**-सालेकसा तहसील अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जमाती और परंपरागत रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित सीटों के लिए चुनाव लड़ने वाले व्यक्तियों के जाति प्रमाण पत्र और सत्यापन का विनीयमन अधिनियम 2000 (200) महाराष्ट्र 23 सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी सत्यापन समिति द्वारा वैद्यता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होता है. लेकिन उपविभाग के पत्रांक 3 के अनुसार माह दिसंबर 2022 में ग्राम पंचायत व उपचुनाव में निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्यों के द्वारा जाती वैधता प्रमाण पत्र निर्वाचित अवधि में प्रस्तुत नहीं करने की जानकारी प्रस्तुत करने के लिए तहसीलदार सालेकसा को निर्देशित किया गया तथा सालेकसा तहसील में दिसंबर 2022 के ग्राम पंचायत और उपचुनाव में निर्वाचित सदस्य सरपंच द्वारा अवैध जाति प्रमाण पत्र नहीं जमा करने के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया जाना था. लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर जाति प्रमाणपत्र जमा नहीं किया गया, तथा जाति प्रमाणपत्र जमा करने में चुक करने वाले व्यक्तियों को 9 अक्टूबर 2024 और 27 जनवरी 2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर भी प्राप्त किया गया था. जिससे निर्वाचित सदस्य, सरपंच निर्धारित अवधि के भीतर जमा नहीं करने के कारण महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम की धारा 10 सी.के. तहत अयोग्य ठहराया गया है. जिलाधीश कार्यालय के लगा रहे चक्कर दिसंबर 2022 में सालेकसा तहसील में आरक्षित श्रेणी के 44 सदस्यों तथा एक सरपंच सहित कुल 45 सदस्यों का ग्राम पंचायत सदस्यता और ग्राम पंचायत को रद्द करने का आदेश जारी किया गया है. जिसमें टोयागोंदी, जमाकुडो, दरेकसा, बिजेपार, पांढरवानी, लोहारा, गोरें, पिपरिया, कोसमतरी, पाथरी, तिरखेड़ी, बोदलबोडी, गिरोला, धानोली, झालिया, नानव्हा, ब्राम्हणी, कडोतीटोला आदि ग्राम पंचायत का समावेश है. जिसमें अपात्रता में दरेकसा की सरपंच जमुना प्रकाश मरकाम तथा लोहार और गोर्रे उपसरपंच सहित अन्य सदस्यों को अपात्र घोषित किया गया है. कुछ लोग चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं. अपात्र घोषित किए गए सदस्य अपील के लिए जिलाधीश कार्यालय में दौड़ लगा रहे हैं वहीं अन्य अपनी-अपनी सीट बचाने के लिए अपने-अपने राजनीतिक नेताओं से संपर्क करने में जुट गए हैं.

## सैंकड़ों कार्यकर्ताओं का राकांपा अजित गुट में प्रवेश



**गोंदिया** -पांढराबोडी के चंदन गजभिये के निवास पर गोंदिया ग्रामीण के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक राजेंद्र जैन की उपस्थिति में राकांपा (अजित गुट) में प्रवेश किया. सांसद प्रफुल्ल पटेल के नेतृत्व पर विश्वास रखकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राकांपा में प्रवेश किया. कार्यकर्ताओं के राकांपा में प्रवेश से पार्टी की मजबूती, संगठन व विस्तार होने में निश्चित ही लाभ होगा. पांढराबोडी निवासी खेमलाल गराडे, संजय खजरे, संतोष गुरे, बंडू बसेने, नोकलाल दमाहे, रोहन दमाहे, विजय उईके, टेकलाल दमाहे, प्रभुदयाल दमाहे, मनोज दमाहे, मनोज दमाहे, योगलाल उके, मुकेश लिल्हारे, मिरन मानकर, पौरणी आंबेडारे, दासगांव के चंदन बिसेन, कादर शेख, रजत मेश्राम, रायपुर के शैलेष गजभिये, अनूप आचरे, सोनू भोयर, दासगांव बु. के कुंवरलाल नेवारे, विनोद मुलतानी, राजा रामटेके, विवेक भारती, अभिषेक मेश्राम, चंदन बिसेन, नीलेश चौडे, गिरोला के पंकज रहांगडाले, विठोबा बिसेन, अभय गौतम, महेश बघेले, अंकुश अंबुले, बिरसी के मदन उके, देव उके, घनशाम उके, आशीष सुरसाउत, लक्ष्मीचंद मसराम, भागचंद पाचे, धर्मेंद्र बाहे व धनु खरे ने राकांपा में प्रवेश किया. सभी का पूर्व विधायक जैन ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया. इस दौरान कुंदन कटारे, चंदनलाल गजभिये, केतन तुरकर, गिरजाशंकर माहुले, प्रभुदयाल शेंडे, सुनील पटले, शैलेष वासनिक, रीताराम लिल्हारे, आनंदराव दमाहे, श्रीधर ढोमने, अंचल गिरी, सूरजलाल दमाहे, रोशनलाल दाऊदसरे, कनसुला डवारे, मुन्नालाल प्रधान, निखिल पगोड़े, मुन्ना तुरकर, मंगल ठाकरे, अनिल बावनकर, किलिपचंद राणा, प्रकाश नेवारे, आनंद चौड़े, प्रकाश बरयर, सतीश कोल्हे, महेंद्र नारनवरे, यशलाल पटले, समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर भेजे अश्लील फोटो



**गोंदिया** - आमगांव निवासी 19 वर्षीय युवती के साथ राजस्थान के लक्ष्मणगढ़ निवासी अंकित गवारिया (21) ने पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती की. पश्चात उसके साथ आपत्तिजनक फोटो निकाले. यह फोटो युवती के भावी पति को भेजी. युवती का विवाह डोंगरगढ़ के भीमनगर निवासी युवक से तय हुआ था. सितंबर 2024 में इंस्टाग्राम में कलयुग का अलकी अवतार नाम से आईडी से आरोपी ने हाय-हैलो भेजकर युवती से दोस्ती की. यह दोस्ती प्रेम में बदल गई. वह युवती से रोजाना चैटिंग करने लगा. उसने युवती को आमगांव रेलवे स्टेशन पर बुलाया. यहां आरोपी ने युवती को किस किया, उसका फोटो निकाला. इसके बाद वह पानी लाने के बहाने चला गया. इस दौरान युवती ने अपने माता-पिता को फोन कर उन्हें स्टेशन पर पुलिस के साथ बुलाया. पुलिस के साथ माता-पिता रेलवे स्टेशन पहुंचे. युवक को पुलिस आमगांव थाने ले गई. वहां लड़के के खिलाफ युवती शिकायत के लिए लेकर तैयार नहीं हुई. इस दौरान अंकित ने 19 फरवरी को डोंगरगढ़ के भीमनगर निवासी युवती के पति को उसके साथ ली गई आपत्तिजनक फोटो भेजी.

## अज्ञात वाहन की टक्कर से चार बकरियों की मौत



**गोंदिया**-गोंदिया-आमगांव मार्ग पर ग्राम खमारी में अज्ञात वाहन की टक्कर से चार बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना 2 मार्च को दोपहर के दौरान हुई। इस घटना में पशुपालक को 20 से 25 हजार रुपए का नुकसान होने की बात बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खमारी निवासी उर्मिलाबाई शहारे यह बकरियों को चराने के लिए गई थी। बकरियों को जब वह मार्ग पार करा रही थी, तभी अचानक एक तेज रफ्तार वाहन आया और दुर्गाटोली के पास बकरियों को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में 4 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में पशुपालक को 25 से 25 हजार रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है।

# सामाजिक क्षेत्र व संस्था में उन्नति के लिए व्यक्तित्व विकास महत्वपूर्ण-पुरुषोत्तम मोदी

## मारवाड़ी गोंदिया गरिमा ने मनाया व्यक्तित्व विकास दिवस



**बुलंद गोंदिया।** मारवाड़ी युवा मंच गोंदिया गरिमा ने स्व.उमा देवी मोदी की पुण्यतिथि को व्यक्तित्व विकास दिवस के रूप में आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पुरुषोत्तम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक क्षेत्र में तरक्की व प्रगति के लिए व्यक्तित्व विकास एक महत्वपूर्ण अंग होता है।

गौरतलब है की मारवाड़ी युवा मंच गोंदिया गरिमा द्वारा स्व.उमा देवी मोदी की पुण्यतिथि को व्यक्तित्व विकास दिवस के रूप में आयोजित किया। उपरोक्त कार्यक्रम राइस मिलर संगठना के हाल में मंच माला माइक विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया था इस अवसर पर प्रमुख वक्ता व प्रशिक्षक पुरुषोत्तम मोदी ने खेल-खेल में संस्था चलाने के नए-नए तरीकेउपस्थितों को बताएं तथा इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक क्षेत्र, राजनीतिक क्षेत्र,जीवन में व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में कार्य करने के लिए व्यक्तित्व विकास व वक्तत्व शैली महत्वपूर्ण होती है, जिससे इन क्षेत्रों में प्रगति में काफी सहयोग प्राप्त होता है। इस अवसर पर मंच माला माइक के चेयरमैन सौरभ अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रसेन स्मारक समिति के अध्यक्ष निलेश अग्रवाल प्रमुख अतिथि व गोंदिया गरिमा की अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल विशेष स्थिति के रूप में उपस्थित थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वंदना शर्मा ,राधा खंडेलवाल, पूनम अग्रवाल, नेहा शर्मा, काजल अग्रवाल ,रेखा शर्मा ,अंजली कौशिक ,प्रगति व्यास ,चांदनी अग्रवाल ,सोनिया मुंदडा ,मंजू अग्रवाल, ज्योति वर्मा,श्रद्धा अग्रवाल , शारदा जोशी ,तुलसी जोशी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मंच दर्शन पठन सीमा पवन अग्रवाल तथा आभार पदम अग्रवाल ने माना।

प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों के विचार व्यक्त ट्रेनिंग में बहुत कुछ नया सीखने मिला मारवाड़ी युवा मंच गोंदिया गरिमा द्वारा आयोजित ट्रेनिंग से बहुत अनुभव प्राप्त हुआ तथा हर परिस्थिति में सोच समझकर आगे कैसे बड़ा जाए, पेपर हल करने में मजा आया इस दौरान बचपन की कुछ यादें ताजा हो गई। ट्रेनिंग वह प्रोग्राम में बहुत कुछ नया था आगे जब भी होगा हम शामिल होंगे

**- नेहा राजीव शर्मा।**

सराहनीय कार्यक्रम ट्रेनिंग प्रोग्राम में बहुत कुछ नया सीखने को मिला वह नए-नए दोस्त बने आगे भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा ऐसी उम्मीद है तथा यह कार्यक्रम सराहनीय था।

**- राधा शशिकांत खंडेलवाल।**

खुद का बढ़ा आत्मविश्वास व्यक्तित्व विकास ट्रेनिंग में बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ तथा इस दौरान खुद का आत्मविश्वास भी बड़ा तथा एंजॉयमेंट भी हुआ। आज मैंने जो सीख वह हमारे लिए यादगार दिन है तथा आगे भी इस प्रकार के प्रोग्राम होंगे इसमें जरूर शामिल होंगे तथा कार्यक्रम के आयोजक पुरुषोत्तम भैया, लक्ष्मी भाभी व पूजा भाभी का आभार ।

**- निधि अग्रवाल।**

नए लोगों से मिलने का मिला मौका अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच गोंदिया गरिमा के व्यक्तित्व विकास ट्रेनिंग से आत्मविश्वास को तो बढाया ही है लोगों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ हमने न केवल सीखा बल्कि इंजॉय भी किया। जैसा कहा जाता है समाज को बदलने से पहले खुद को बदलना जरूरी है दुनिया को बदलने से पहले खुद को ठीक करना जरूरी है इसलिए उन लोगों से कहना चाहूंगी जो इस ट्रेनिंग में नहीं आ पाए आगे आने वाले प्रोग्राम में जरूर शामिल हो।

**- प्रगति व्यास**

प्रशिक्षण से महिलाओं में बढ़ाया आत्मविश्वास ट्रेनिंग में सिखाए गए बिंदु से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है तथा अगर कुछ नहीं आता तब भी बोले कि आप कर सकते हैं तो उसे एक एनर्जी निर्माण होती है तथा कार्य में प्रगति होती है।

**- ज्योति वर्मा।**

मंच आत्मविश्वास का निर्माण अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच गोंदिया गरिमा द्वारा आयोजित ट्रेनिंग में बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है। पुरुषोत्तम भैया व लक्ष्मी भाभी के मार्गदर्शन में मंच आत्मविश्वास में बढ़ोतरी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा इस दौरान पेपर को हल करने व अन्य खेलों में भी बहुत आनंद आया। **- सोनिया मूंदड़ा।**

# ठेकेदारों का नप वित्त अधिकारी के कक्ष में धरना आंदोलन

## बिलों के भुगतान में भारी लेनदेन व अनियमितता का लगाया आरोप





**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया नगर परिषद के वित्त अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार को अंजाम देते हुए नियमों का उल्लंघन कर दो एजेंसियों को लाभ पहुंचाने के लिए पुराने बिलों को रोककर नए बिलों का भुगतान किया गया इस मामले में ठेकेदारों द्वारा 28 फ़रवरी को हंगामा कर इसेमें सुधार करने की मांग की गई थी। लेकिन इस मामले में किसी भी प्रकार की कार्रवाई न होने के चलते बुधवार 5 मार्च की दोपहर ठेकेदारों द्वारा वित्त अधिकारी के कक्ष में धरना आंदोलन कर इसका विरोध कर जमकर नारेबाजी की।

गौरतलब है की गोंदिया नगर परिषद में प्रशासक व मुख्याधिकारी के शासनकाल में मनमानी तरीके से काम का किया जा रहा है। अधिकारियों पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण न होने से वह निरंकुश हो चुके है। ईसी के चलते नगर परिषद के वित्त अधिकारी स्वप्निल मेश्राम द्वारा दो एजेंसियों को लाभ पहुंचाने के लिए पुराने बिलों को रोककर तत्काल आनन् - फांनन में नए बिल बनाकर भुगतान किया गया था। इस मामले में 28 फरवरी को नगर परिषद के ठेकेदारों को जानकारी होने पर कार्यालय में पहुंचकर जमकर हंगामा किया था तथा मुख्याधिकारी संदीप चिद्रावार द्वारा इसमें सुधार करने वह किए गए भुगतान को रोकने का आदेश हवाहवाई तरीके से दिया था।

लेकिन 5 दिन गुजर जाने के बावजूद भी भुगतान न रोक कर संबंधित एजेंटीयों को भुगतान किए जाने तथा उपरोक्त फंड में 50 लाख की जगह एक करोड रुपए की निधि आने की जानकारी प्राप्त होने पर बुधवार 5 मार्च को ठेकेदारों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा वित्त अधिकारी स्वप्निल मेश्राम के कक्ष में पहुंचकर इस संदर्भ में जानकारी मांगे जाने पर समाधान कारक जवाब न दिए जाने के चलते करीब 2 घंटे तक ठेकेदारों द्वारा वित्त अधिकारी के कक्ष में धरना आंदोलन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की अंत में वित्त अधिकारी द्वारा इस मामले में जल्द ही उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिए जाने पर आंदोलन कर खत्म किया गया तथा चेतावनी दी गई थी यदि इस संदर्भ में सही निर्णय नहीं लिया गया तो और कड़ा आंदोलन किया जाएगा।

आंदोलन के दौरान धीरज जेठानी, कल्पेश शुक्ला,अनिल हुंदानी,ओमकार लिचड़े , प्रशांत (बाड़ा) ठवकर, गुणवंत (बबलू) चंदनकर, फिरोज कच्छी ,उमेश कापसे ,मुकेश अग्रवाल, संजय मुरकुटे ,नीरज ठाकुर, संदीप कडूकर, संतोष पुरोहित, सतीश राठी ,प्रतीक कदम, शिशिर बिसेन, जगदीश लालवानी, महेंद्र गढ़े, परमानंद टेंभुर्णिकर ,अजय पितोड़े, टिकलू बनोटे , महेश बछवानी, मुन्ना बेंद्रे, विजय अग्रवाल, रामू शेडे आदि उपस्थित थे।

# अवैध रेत उत्खनन 2 लोगों पर FIR

**भंडारा**-गोबरवाही पुलिस थाना क्षेत्र में अवैध रेत चोरी के मामले में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. सोमवार 3 मार्च शाम 6 बजे, पुलिस हवलदार गौरीशंकर कडव अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे. इसी दौरान नाकाडोंगरी गांव के पास ट्रैक्टर (क्र. एमएच 36/एल-0816) से आरोपी सुंदरटोला निवासी नैनसिंग शामीक कंगाली (40) और गोबरवाही निवासी रामदास लक्ष्मण मोरे (45) अवैध रूप से रेत की तस्करी कर रहे थे. पुलिस ने 1 ब्रास रेत और ट्रैक्टर सहित 5,05,300 रुपये का माल जब्त किया है.

# पठन व्यक्तित्व लिए महत्वपूर्ण : सांसद प्रफुल्ल पटेल



**भंडारा**-राज्यसभा के सांसद प्रफुल्ल पटेल ने सार्वजनिक वाचनालय भंडारा में दुर्लभ ग्रंथों का पठन किया। सांसद पटेल का अत्यंत व्यस्त कार्यक्रम होने के बाद भी वे सार्वजनिक वाचनालय भंडारा पहुंचे। सार्वजनिक वाचनालय के दुर्लभ ग्रंथों की कक्षा का जायजा लिया।

ग्रंथालय में वर्ष 1298 का ग्रंथ ठहरावस दरदफ्तर मंगवाया। ग्रंथालय के सभागृह में बीस मिनट इस ग्रंथ का पठन सांसद पटेल ने किया है। इस ग्रंथ में भंडारा, तुमसर, गोंदिया, पवनी सहित अनगिनत गांवों का उल्लेख है। पटेल ने कहा कि पठन व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण साधन है। इस समय सार्वजनिक वाचनालय के अध्यक्ष धनंजय दलाल, कार्यवाह डॉ. जयंत आठवले, तुमसर के विधायक राजू कारेमोरे, पूर्व राज्यमंत्री नाना पंचबुध्दे थे।

# छत्रपति संभाजी महाराज का सच्चा इतिहास फिल्म छावा के माध्यम से जीवंत-मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस



**मुंबई/गोंदिया ।**छत्रपति संभाजी महाराज एक वीर पुरुष थे छत्रपति शिवाजी महाराज के बाद छत्रपति संभाजी महाराज ने स्वराज्य की रक्षा की मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जीवनीकारों ने उनके साथ अन्याय किया है, लेकिन फिल्म छावा ने ऐतिहासिक सिद्धांतों को संरक्षित किया है और छत्रपति संभाजी महाराज के सच्चे इतिहास को जीवंत किया है।

मुख्यमंत्री फडणवीस महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे द्वारा नरीमन प्वाइंट स्थित आइनॉक्स थिएटर में विधायकों और मंत्रियों के लिए आयोजित फिल्म 'छावा' की स्क्रीनिंग के अवसर पर बोल रहे थे।

इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदादा पाटिल, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन, विपणन एवं प्रोटोकॉल मंत्री जयकुमार रावल, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री. इस अवसर पर अदिति तटकरे, राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, सांसद सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, पूर्व मंत्री दिलीप वलसे पाटिल, पूर्व राज्य मंत्री विद्या ठाकुर, विधान सभा सदस्य, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और वरिष्ठ अभिनेता सयाजी शिंदे उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज के चरित्र, वीरता, पराक्रम, सरलता और अद्वितीय विद्वता को फिल्म 'छावा' के कलाकारों और पूरी टीम द्वारा देश भर में जन-जन तक पहुंचाया गया है। छत्रपति संभाजी महाराज 11 भाषाओं में निपुण होने के साथ-साथ संस्कृत के विद्वान, कवि और लेखक भी थे। जीवनीकारों ने उनके साथ अन्याय किया था, लेकिन फिल्म ने उस छाया को हटा दिया।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने फिल्म छावा के अभिनेता संतोष जुवेकर और अन्य कलाकारों तथा निर्माण टीम के संजय पाटिल को छावा पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर संतोष जुवेकर ने अपने विचार व्यक्त किए और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। मंत्री अदिति तटकरे ने सभी गणमान्यों का स्वागत किया।

# कांग्रेस सेवादल से ही पार्टी को शक्ति मिलेगी

## तिरोड़ा में कांग्रेस सेवादल की सलामी परेड



**तिरोड़ा**-तिरोड़ा तहसील व शहर कांग्रेस सेवादल द्वारा पार्टी कार्यालय में गोंदिया जिला कांग्रेस सेवा दल कमेटी के अध्यक्ष जमीलभाई खान की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया. सभा की शुरुआत सेवादल की सलामी परेड से की गई. इस अवसर पर जमीलभाई खान ने कहा कि कांग्रेस सेवादल संगठन यह पार्टी की जान है. इसी कांग्रेस सेवादल संगठन ने देश को अनेक महान सपूत दिए हैं. प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मंत्री बनाएं है. कांग्रेस के अनेक सांसद और विधायक इसी कांग्रेस सेवादल संगठन की देन है. इसलिए पार्टी संगठन में सेवादल के महत्व को कभी कम नहीं समझा जा सकता. प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप बंसोड ने कहा कि संपूर्ण गोंदिया जिले में जो आज कांग्रेस सेवादल दिख रही है वह जमीलभाई खान के अध्यक्ष बनने के बाद की मेहनत है. कांग्रेस जिला सहकार सेल के अध्यक्ष राधेलाल पटले, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण दुबे, रमेश टेंभरे, डा. गिरधर बिसेन, ओमप्रकाश पटले, हेमराज बिसेन, राधेलाल रहांगडाले, कांग्रेस सेवादल के जिला ध्वज प्रभारी टी.जी. तुरकर ने सभा को संबोधित किया. जिला कांग्रेस सेवादल कमेटी के सचिव नीलकंठ रहांगडाले ने सलामी परेड ली. शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष झनकलाल लिल्हारे, सेवादल सचिव अरविंद मेश्राम, रक्षपाल लिल्हारे, जिला सेवा दल के शिवदयाल कटरे, रसूल खान, प्रेमचंद गिरी आदि उपस्थित थे. संचालन व आभार नीलकंठ रहांगडाले ने माना.

# चुनाव नहीं होने से विकास कार्य बाधित




**सालेकसा**-यहां के नगर पंचायत में कोई नियमित मुख्याधिकारी नहीं है। इसके अलावा नगराध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और चुनाव नहीं होने के कारण नगर पंचायत का काम-काज अब अधर में है। ऐसे में शहर के आम नागरिक अपनी समस्या किसके पास रखें? ऐसा सवाल खड़ा हो गया है। सालेकसा शहर को 2015 में नगर पंचायत घोषित किया गया था। लेकिन नगर पंचायत का परिसर शहर के बाहर है और सालेकसा मुख्यालय के साथ-साथ मुख्य बाजार सहित सभी सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालय आमगांव खुर्द ग्राम पंचायत की सीमा के भीतर हैं, इसलिए आमगांव खुर्द को नगर पंचायत में शामिल करने की मांग की गई थी। यह मामला कोर्ट-कचहरी तक पहुंचा। इस बीच मामले का नतीजा आने से पहले ही 2017 में नगर पंचायत का पहला चुनाव हुआ। लोकशाही पद्धति से नगर पंचायत पर सत्ता स्थापित की गयी। लेकिन, आमगांव खुर्द को शामिल करने के लिए और भी जोरदार आंदोलन हुआ। अंततः सरकार ने आमगांव खुर्द को नगर पंचायत में शामिल किया। लेकिन, कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नए सिरे से चुनाव कराकर संयुक्त नगर पंचायत की सत्ता स्थापित करने की मांग की गई। सरकार ने भी उसे पूरा नहीं किया। ऐसे में नगर पंचायत में निर्वाचित नगराध्यक्ष व पदाधिकारियों को आमगांव खुर्द की भी जिम्मेदारी दी गई। लेकिन आमगांव खुर्द के निवासियों की शिकायत रही कि आमगांव खुर्द पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस बीच किसी न किसी कारण से नगर पंचायत में विवाद होते रहने के कारण मुख्याधिकारी नियमित नहीं टिक पाए। इससे विकास कार्य प्रभावित होता रहा। मुख्याधिकारी की कमी के कारण प्रशासन कभी-कभी अन्य तहसील के तहसीलदार को अतिरिक्त कारभार दिया गया। इसलिए नगर पंचायत का अपेक्षित विकास नहीं हो सका।

# पुलिस अधिकारी, कर्मचारी का सत्कार



**गोंदिया**-पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फरन्स हॉल में निर्धारित आयु में सेवानिवृत्त हुए गोंदिया जिले के पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति पर सत्कार समारोह आयोजित किया गया था. इस अवसर पर सेवानिवृत्त सहायक पुलिस उपनिरीक्षक गौरीशंकर बुधलाल कटरे, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक झामसिंह किरसान, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक अंकुश हरि हटवार, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक मनोहर प्यारेलाल अंबुले और हवलदार उमेशचंद्र रामचंद्र कोल्हारे का पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के हाथों शॉल, श्रीफल, पौधे, सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र, परिचय पत्र, जिल्हा पोलीर अभिनंदन पत्र, स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सत्कार किया तथा उनकी जीवन यात्रा के लिए शुभकामनाएं भी दी गई. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक (गृह) रामेश्वर पिपरेवार, पुलिस अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे. संचालन पुलिस निरीक्षक रामेश्वर पिपरेवार ने किया. सफलतार्थ कल्याण शाखा के रामेश्वर पिपरेवार, राजू डोंगरे, राज वैद्य ने प्रयास किया.

# निजी स्कूल बसों के लिए नए नियम नए शैक्षणिक वर्ष से होगा क्रियान्वयन



**गोंदिया**-नए शैक्षणिक सत्र से स्कूली छात्रों को ले जाने वाली निजी स्कूल बसों के लिए नियम तय किए जाएंगे. इसके लिए सेवानिवृत्त परिवहन अधिकारी जितेंद्र पाटिल की अध्यक्षता में एक सदस्यीय समिति गठित की गई है और उन्हें एक माह के भीतर इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. राज्य भर में स्कूली छात्रों को ले जाने वाली हजारों स्कूल बसें निजी संस्थाओं द्वारा संचालित की जाती हैंक कई संस्था संचालक इन स्कूल बसों के माध्यम से अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं. इस व्यापक रिपोर्ट के अनुसार, नए शैक्षणिक वर्ष से स्कूल बसों के लिए नियम निर्धारित किए जाएंगे. परिवहन विभाग को राज्य भर में जिन संस्थाओं के माध्यम से स्कूल बसें संचालित की जाती हैं, उनके संबंध में अभिभावकों से कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं. स्कूल बसें शैक्षणिक वर्ष की कुल अवधि में से मुख्यतः 10 महीनों के लिए छात्रों को परिवहन करती हैं. लेकिन हकीकत में संबंधित से पूरे साल की फीस एक साथ ली जाती है. यह अनुचित है. इसके अलावा, स्कूल फीस और स्कूल बस फीस अभिभावकों से एक ही समय में वसूल की जाती है, इसलिए अभिभावकों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है. सुरक्षा उपाय उपकरण का होना अनिवार्य राज्य सरकार ने छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं. प्रत्येक बस में पैनिक बटन, फायर स्प्रिंकलर, जीपीएस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे आदि उपकरण लगे होने चाहिए. इसके अलावा, अभिभावकों से छात्र परिवहन शुल्क वसूलने वाले संस्थाओं या स्कूल बस चालकों को बसों में सीसीटीवी कैमरों पर एकीकृत नियंत्रण रखना होगा. ताकि भविष्य में बस में सवार छात्रों के साथ कोई अप्रिय दुर्घटना न घटे.

## नवनिर्मित सभागृह (फरिस्ता हाल) का उद्घाटन समारोह



**बुलंद गोंदिया।** प्रजापिता ब्रम्हकुमारी स्वदर्शन भवन, न्यू लक्ष्मी नगर, गोंदिया स्थित नवनिर्मित सभागृह (फरिस्ता हाल) का उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने उपस्थित होकर आदरणीय राजयोगिनी सुदेश दीदी (जर्मनी) इनका आशीर्वाद लिया व भवन निर्माण पर राजयोगिनी रत्नमाला दीदी को एवं समस्त ब्रम्हकुमारी परिवार को शुभकामनाए दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने राजयोगिनी सुदेशदीदी के प्रवचन से प्रभावित होकर उनको विचारों को जीवन में धारण करने का संकल्प लिया और कहा कि ज्ञान मार्ग पर चलना आसान नही होता पर आप सभी शांतिदूतों, देवदूतों की साधना और विश्व परिवर्तन के कार्य को देखकर विश्वास हो रहा है अब भारत फिर से सोने कि चिड़िया जरूर बनेगा।

## सालेकसा-नवाटोला मार्ग पर दौड़ते ट्रक में लगी आग
## अग्निशमन विभाग की तत्परता से टली जनहानि

**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता सालेकसा )-** रायपुर से गोंदिया की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक एमएच 40 बी एल 8001 में साल का साथसालेकसा तहसील के नवाटोला के समीप अचानक मार्ग पर चलते ट्रक में आग लग गई हालांकि इस घटना में अग्निशमन विभाग की तत्परता से आग पर काबू पाए जाने के चलते किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हो पाई।




प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया तहसील के ग्राम सावरी निवासी टाटा ट्रक के मालिक - चालक मिथुन शामकुवर नागपुरे अपने वाहन क्रमांक एमएच 40 बी एल 8001 से रायपुर से गोंदिया की ओर आ रहा था। इसी दौरान अचानक सालेकसा से 9 किलोमीटर के अंतर पर स्थित नवाटोला गांव के समीप अचानक ब्रेक लाइनर में गड़बड़ी आने के चलते ट्रक का टायर गर्म हो गया वह चलते ट्रक ने आग पकड़ ली। उपरोक्त ट्रक में पशु आहार का परिवहन किया जा रहा था उपरोक्त घटना दोपहर 2:30 पर घटित हुई है इस आग की घटना में पशु आहार वह ट्रक जलकर खाक हो गए जिसमें 20 ला ख रुपए के करीब का नुकसान हुआ हालांकि घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को मिलते ही तत्काल पहुंचकर आग की घटना पर काबू पाया गया जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हो पाई।

इस घटना की जानकारी सालेकसा के पुलिस निरीक्षक भूषण बुराडे को मिलते ही वह अपने दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया।

## गोंदिया नप वित्त अधिकारी ने नियमों का उल्लंघन कर पुराने बिलों को रोक नए बिलों का किया भुगतान ठेकेदारों ने जमकर हंगामा कर किया आक्रोश व्यक्त

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया नगर परिषद कि भ्रष्टाचार कार्य प्रणाली के नए-नए मामले नित उजागर हो रहे हैं। 28 फरवरी शुक्रवार को नप के वित्त अधिकारी ने पुराने बिलों को रोककर नियमों का उल्लंघन करते हुए दो एजेंसियों को लाभ पहुंचाने के लिए तत्काल नए बिलों को बनाकर भुगतान किया जिसकी जानकारी नगर परिषद के ठेकेदारों को मिलने पर कार्यालय में पहुंचकर इसका विरोध कर जमकर हंगामा कर आक्रोश व्यक्त किया। गोंदिया नगर परिषद में 3 वर्षों से प्रशासक राज के चलते भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुका है।किसी भी प्रकार से शासन व प्रशासन का डर नगर परिषद के अधिकारियों को नहीं रह गया तथा वह अपनी मनमानी कर रहे हैं। इसी प्रकार का एक मामला शुक्रवार 28 फरवरी को नगर परिषद के वित्त विभाग में सामने आया जिसमें वित्त अधिकारी स्वप्निल मेश्राम द्वारा दो एजेंसियों से साठ-गाठ कर उनका समय के पहले मनमानी करते हुए बिलों का भुगतान कर बड़े पैमाने पर आर्थिक लेनदेन किए जाने के आरोप का मामला सामने आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया नगर परिषद के अंतर्गत वैशिष्ट पूर्ण योजना के तहत करीब 5 करोड रुपए के रोड, नालियों समाज भवन आदि के कार्य किए गए थे जिसमें करीबन 10 से 15 ठेकेदारों द्वारा कार्य किया गया था। जिनमें अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके थे तथा सभी का भुगतान (यूडी) ऑनलाइन के माध्यम से शासन द्वारा किया जाना था, लेकिन तकनीकी खामियों व ट्रेनिंग के चलते फिलहाल ऑनलाइन भुगतान नहीं हो पाया था तथा 5 करोड़ में से 50 लाख रुपए की निधि शासन द्वारा ऑफलाइन भुगतान करने के लिए नगर परिषद को उपलब्ध करवाई गई थी। किंतु उपरोक्त राशि का भुगतान पहले कार्य करने वाले वह पहले बिल बनाने वाले ठेकेदारों को ना कर वित्त अधिकारी स्वप्निल मेश्राम द्वारा मात्र दो एजेंसियों को 50 ला ख रुपए की निधि का भुगतान कर दिया गया। जबकि अन्य ठेकेदार जिनके कार्य के





NAGAR PARISHAD, GONDIA.
FORM NO. 64
( See Rule No. 147 to 156,181,208,270,467,475 )
Payment Voucher for works and Supplies

Name of the Work : Construction of Fountain and Other Work at Nagar Parishad Garden, Gondia.

MB NO 53(23-24) | Page No 09-10,11-1 | Special Component Scheme

Part A
Name of the Department : P.W.D
Inword Bill No. :
Name of Contractor : Shri lalita Construction
Work order No. : NPG/PWD/417/2023 on Date 05/12/2023
Date :-
Bill Details :-
First :- 1st & Final Bill
Running :-
Final :-

Part B

| Sr. No. | Items | Quantity | Rate | Unit | A/C Code | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Excavation for Catch/Side..etc | 130.55 | 123.75 | m³ | | 16156.00 |
| 2 | Prov. Rubble Filling...etc | 27.97 | 2235.10 | m³ | | 62516.00 |
| 3 | Prov. & Lay. In situ C.C. of 1:4:8 | 18.65 | 6458.05 | m³ | | 120443.00 |
| 4 | prov.& Cast in situ c.c. of M-20 etc | 29.36 | 11010.70 | m³ | | 323274.00 |
| 5 | prov.&Lay in situ c.c. of M-20 etc | 1.08 | 8387.85 | m³ | | 9059.000 |
| 6 | Prov. & Fixing Bar Reinforcement | 2.500 | 91874.65 | MT | | 229687.0 |
| 7 | Conveying of Material..etc | 130.55 | 202.80 | m³ | | 26476.00 |
| | | | | Rs | | 787611.00 |
| | | | Royalty | | | 12245.00 |
| | | | Testing | | | 9235.00 |
| | | | | | | 809091.00 |
| | | | Below 0.26 % (-) | | | 2104.00 |
| | | | | | | 806987.00 |
| | | | Add 18 % G.S.T (+) | | | 141401.00 |
| | | | Add 0.5 % Insurance (+) | | | 3928.00 |
| | | | | Rs | | 952316.00 |
| | | | Total Rs | | | 952316.00 |

Deduction & Recoveries

| Sr. No. | Item | | Amt |
|---|---|---|---|
| | Gross Amt :- | Rs. | |
| 1 | Security Deposit | % Rs. | 56489 |
| 2 | Income Tax | % Rs. | 16139 |
| 3 | Surcharge of I T | % Rs. | 16139 |
| 4 | VAT Tax | % Rs. | 8069 |
| 5 | Insurance | % Rs. | 4034 |
| 6 | Labour welfare Cess | % Rs. | |
| 7 | Royalty Charges | % Rs. | 12245 |
| 8 | Testing Charges | % Rs. | |

बिल जनवरी माह से बनकर वित्त विभाग में जमा थे लेकिन 18 फ़रवरी को निधि आने के पश्चात 20 फ़रवरी को एक ही एजेंसी साईं सप्लायर का बील आनन् फानन में बनाकर 40 लाख रुपए का भुगतान वह 28 तारीख को ही एक बिल को बनाकर ललिता कंस्ट्रक्शन का भुगतान किया गया जबकि उपरोक्त पांचो बिलो की संपूर्ण प्रक्रिया नहीं हो पाई थी। जिस पर बड़े पैमाने पर कमीशन खोरी का मामला सामनेआ रहा है ऐसा आरोप अन्य ठेकेदारों द्वारा लगाते हुए वित्त अधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर इस संदर्भ में जब जानकारी मांगी गई तो वित्त अधिकारी स्वप्निल मेश्राम द्वारा टालमटोल का रवैया अपना कर कभी वरिष्ठ अधिकारी कभी जूनियर कर्मचारी पर उंगली उठाते हुए नजर आए तथा इस दौरान बुलंद को दिया को जानकारी देते हुए स्वप्निल मेश्राम ने बताया कि यह उनके वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर बिल बनाकर चेक से भुगतान किया गया है। मुख्याधिकारी से मिले ठेकेदार हंगामा काफी बढ़ जाने के बाद सभी ठेकेदारों द्वारा मुख्याधिकारी संदीप चिद्रावार से संपर्क किया गया लेकिन वह भी समाधान कारक जवाब नहीं दे पाए तथा अंत में मात्र संबंधित एजेंसी को किए गए एक बिल का भुगतान रोकने का आदेश वित्त अधिकारी को दिया किंतु अन्य बिलों का भुगतान कब होगा इस बारे में वह भी समाधान कारक जवाब नहीं दे पाए।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बनाया चेक वैशिष्ठ पूर्ण योजना के अंतर्गत 50 लाख रुपए की निधि प्राप्त होने पर अपने वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर संबंधित एजेंसी का चेक बनाकर भुगतान किया गया।

**- स्वप्निल मेश्राम**
**वित्त अधिकारी नगर परिषद गोंदिया।**

### जिलाधिकारी से की जाएगी शिकायत

इस हंगामें के दौरान नगर परिषद वित्त अधिकारी के कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों द्वारा गोंदिया नगर परिषद में बिलों के भुगतान को लेकर अनियमित तथा भारी कमीशन खोरी कि शिकायत संपूर्ण दस्तावेजों के साथ जिलाधिकारी से किए जाने का निर्णय लिया।

### आधार सेंटर से हुई लैपटॉप व प्रिंटर चोरी

**गोंदिया-**ग्रामीण थाने के तहत पांढराबोड़ी निवासी फिर्यादी गोविंदकुमार खेमराज उके (45) आधार सेंटर पांढराबोड़ी से खाना खाने के लिए गया था. इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने 12 हजार रु. कीमत का लैपटॉप व 6 हजार रु. कीमत का प्रिंटर चुरा लिया. फिर्यादी की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार बहेकार कर रहे हैं.

### तीन मोटरपंप चोरी

**गोंदिया-**तिरोड़ा थाने के तहत येडमाकोट निवासी फिर्यादी कन्हैयालाल बाबुराव बोहने (55) के खेत से अज्ञात व्यक्ति ने मोटर पंप, फुटबॉल व पाइप ऐसे करीब 7 हजार रु. व गांव के खेत से 23 हजार रु. कीमत के तीन मोटरपंप चुरा लिया. फिर्यादी की शिकायात पर तिरोड़ा पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार बांते कर रहे हैं.

## छात्रवृत्ति के लंबित मामलों का निपटारा कर विद्यार्थियों को जल्द करें भूगतान - विधायक विनोद अग्रवाल

**शिक्षण विभाग की समीक्षा सभा में विविध मुद्दों का संज्ञान लेकर जल्द निराकरण के जिप अधिकारीयों को दिए निर्देश**



**बुलंद गोंदिया।** जिला परिषद के शिक्षण विभाग की लचर कार्यप्रणाली के तहत चल रही अकर्मण्यता, लापरवाही और ढिलाई पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने जिला परिषद सभागृह में समीक्षा बैठक का आयोजन कर शिक्षा विभाग की जमकर क्लास ली। सभा में सबसे बड़ा मुद्दा छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति का सामने आया जिसमे छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति के प्रकरणों के तत्काल निपटारों के लिए कार्य योजना बनाकर उसके निराकरण के निर्देश दिए। ताकि विद्यार्थियों को किसी भी तरह की शिक्षा को लेकर परेशानी न हो। शिक्षक संघ द्वारा प्राप्त शिक्षकों के विविध विषयों का संज्ञान लेकर प्रत्येक 15 दिनों में इसके निराकरण हेतु समिति गठित करने के निर्देश दिए, वही कैफों द्वारा बिल निकालने पर देरी करने पर उन्हें फटकार लगाई और सकारात्मकता से कार्य करने के निर्देश दिए। गर्मी के दिनों को देख समय में बदलाव करने, छात्रों के उत्पन्न का दाखला, शिक्षकों के आवास भत्ता, अपंग भत्ता, डीसीपीएस/एनपीएस अंतर्गत पेंशन का विषय, रिक्त पदों की भर्ती, वेतनश्रेणी में दुजाभाव करने, शिक्षण बजट में बढ़ोत्तरी करने सहित करीब 72 विविध विषयों पर सकारात्मक चर्चा कर उसके निराकरण हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए। सभा में विधायक विनोद अग्रवाल के साथ विधायक राजकुमार बडोले, जिप अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगनाथम, जिप उपाध्यक्ष व शिक्षण सभापति सुरेश हर्षे, बांधकाम सभापति डॉ. लक्ष्मण भगत, लेखाधिकारी, शिक्षा विभाग माध्यमिक के शिक्षणाधिकारी डॉ. महेंद्र गजभिये, प्राथमिक के सुधीर महामुनि, शिक्षण संघ के सभी शिक्षक पदाधिकारी व शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## रवि ठकरानी शिवसेना संगठक पद पर नियुक्त



**बुलंद गोंदिया।** सिंधी समाज के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता, पत्रकारिता के माध्यम से सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहने वाले रवि ठकरानी को शिवसेना में संगठक पद पर नियुक्त कर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। रवि ठकरानी शिवसेना से अनेक वर्षों से जुड़े हुए है। वे शिवसेना हिंदू हर्दिंयसम्राट स्व. बालासाहेब ठाकरे, एवं धर्मवीर आनंद दिघे साहब की प्रेरणा पर जनसामान्य के लिए कार्य कर रहे शिवसेना के मुख्य नेता और राज्य के उपमख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यो से प्रभावित होकर एक कट्टर शिवसैनिक बनकर पक्ष के लिए कार्य कर रहे थे। शिवसेना जिला प्रमुख मुकेश शिवहरे ने उनके कार्यो को देख आज उनकी नियुक्ति गोंदिया शिवसेना संगठक के रूप में कर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। ठकरानी ने इस पद पर नियुक्त होने पर विदर्भ प्रमुख किरण पांडव, जिलाप्रमुख मुकेश शिवहरे का आभार व्यक्त किया।

## मरीजो के उपचार मे लाभ लेने हेतु बनवाए आभा कार्ड - डिन डॉ. घोरपडे

**बुलंद गोंदिया।** मरीजों में जागरूकता लाने के लिए जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे शासकीय मेडिकल कॉलेज, गोंदिया में रोगी सेवाओं का लाभ लेने के लिए अस्पताल आते समय अपना आभा कार्ड साथ लेकर आएं। साथ ही जिन नागरिकों ने अभी तक आभा कार्ड नहीं बनाया है, वे अपने क्षेत्र की आशा सेविका या नजदीकी सेतु केंद्र के माध्यम से आभा कार्ड बनवा लें, ऐसी अपील शासकीय मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. कुसुमाकर घोरपड़े ने की है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में भर्ती मरीजों का पंजीकरण आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा कार्ड के माध्यम से करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। आभा कार्ड आपको अपनी चिकित्सा जानकारी डिजिटल रूप से संग्रहीत करने का विकल्प देता है। यह जानकारी आप कहीं से भी प्राप्त कर सकते हैं। जब आप अस्पताल या डॉक्टर के पास जाते हैं, तो वे कार्ड के माध्यम से आपका मेडिकल इतिहास देख सकते हैं। इस कार्ड पर 14 अंकों की एक विशिष्ट संख्या होती है। आभा नंबर मरीजों के लिए एक मजबूत और विश्वसनीय पहचान स्थापित करेगा, जिसे देश भर के स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और भुगतानकर्ताओं द्वारा स्वीकार किया जाएगा। आभा (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता) पता एक स्व-चयनित उपयोगकर्ता नाम है, जो रोगियों को अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से एक्सेस करने और अपने संबंधित डॉक्टरों के साथ डिजिटल रूप से साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। तदनुसार, शासकीय मेडिकल कॉलेज, गोंदिया अस्पताल में आभा कार्ड के माध्यम से मरीजों के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया लागू की जा रही है। जिले के अधिकांश नागरिकों के आभा खाते बनाए जा चुके हैं। आभा प्रणाली से लाभ उठाने और आभा प्रणाली में पंजीकरण कराने के लिए, मरीजों को अस्पताल में प्रवेश करते समय अपने आभा कार्ड या आभा नंबर की जानकारी रखना आवश्यक है। आभा हेल्थ कार्ड के लाभ- यह कार्ड देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा उपचार तक आसान पहुंच प्रदान करता है। इस कार्ड के माध्यम से चिकित्सा संबंधी जानकारी डिजिटल रूप से संग्रहीत की जाती है। इस कार्ड से डॉक्टर मरीज के बारे में संपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह कार्ड व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड आवेदनों के लिए आसान साइन-अप विकल्प प्रदान करता है। यह कार्ड मरीज की सारी जानकारी एक ही स्थान पर और डिजिटल रूप में उपलब्ध कराता है। आभा कार्ड के बारे में अधिक जानकारी- आभा कार्ड आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अंतर्गत आता है। यह कार्ड एक डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड है। आभा कार्ड में रोगी का चिकित्सा इतिहास, परीक्षण और उपचार जैसी जानकारी संग्रहित होती है। आभा कार्ड एक अद्वितीय 14 अंकों की पहचान संख्या है।

## प्रशासन की अनदेखी से शो-पीस बनकर रह गई सोलर नल योजना

**गोंदिया-**जलजीवन मिशन का काम तहसील में हमेशा चर्चा में रहा है। इसी तरह जलजीवन के तहत सौर ऊर्जा पंप नल योजना की कार्यप्रणाली भी अब सवालों के घेरे में है। जिला परिषद जलापूर्ति विभाग की देखरेख में ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए अधिकांश कार्यों में सिर्फ निधि की बचत होती दिख रही है। इसलिए जिले में सोलर पंप योजना बेकार है और कई गांव योजना के बावजूद पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। जलजीवन मिशन योजना के तहत जिले में लगभग 350 कार्य किए गए हैं। इसमें सौर ऊर्जा नल योजना के कार्य भी शामिल हैं। गोरेगांव तहसील में 56 ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा नल योजना पर काम किया गया है। लेकिन संबंधित अभियंताओं की लापरवाही के कारण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। पानी की टंकियों, मोटर पंपों से लेकर निम्न गुणवत्ता वाले पाइपों तक में इसका उपयोग होता दिख रहा है। नतीजा कई गांवों में सोलर नल योजना महज शो-पीस बन कर रह गई है। इनमें हीरापुर ग्राम पंचायत के हस्तिनापुर और सांभरटोली भी शामिल हैं। हस्तिनापुरटोली स्थित सौर ऊर्जा नल योजना का लाभ कुछ ही लोगों को मिल रहा है, जबकि सांभरटोली में दो योजनाएं उपलब्ध हैं, लेकिन नागरिकों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह सिल्लेगांव, बोरगांव, कवलेवाड़ा, सोनेगांव, बागडबंध, सोदलागोंदी, गराडा, कमरगांव, घोटी. गेहेलाटोला, जानाटोला, तेढा, हीराटोला, तिल्ली मोहगांव, मोहाडी, बाम्हनी, पठानटोला आदि गांवों में सौर ऊर्जा नल योजना भी बेकार हो रही है। इन योजनाओं पर सरकार ने लाखों रुपये खर्च किये। लेकिन नागरिक योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। इसलिए अधिकतर गांवों के सरपंच सोलर नल योजना के रहे हैं। काम को लेकर नाराजगी जता रां घटिया सामग्री का किया इस्तेमाल जिले की जलजीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक कार्य के



लिए 8 लाख की निधि खर्च की गई।

नियोजन के अनुसार प्रत्येक सोलर पंप में 5 हजार लीटर क्षमता पानी की टंकी लगाने की उम्मीद है। लगभग 60 नल कनेक्शन धारकों को पानी वितरित करेगा। लेकिन कई गांवों में नागरिकों के घरों तक पानी नहीं पहुंचता है। अत: ठेकेदार कार्य में पैसा बचाने के लिए घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। संबंधित विभाग जलजीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतता नजर आ रहा है।

**नरेंद्र चौरागड़े, अध्यक्ष सरपंच संघ**

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।